**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 3172 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

**मल्टी मॉडल पत्तनों का विकास**

**† 3172. श्री के. गोपीनाथ :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में मल्टी मॉडल पत्तनों को विकसित करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे मल्टी मॉडल पत्तनों को विकसित करने के लिए तमिलनाडु राज्य में किन्हीं स्थानों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके के लिए अब तक कितनी धनराशि निर्धारित और जारी की गई है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) से (ग):** केन्द्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र में वधावन पत्तन को अधिसूचित और 76,000 करोड़ रु. की अनुमानित लागत पर उसके विकास को अनुमोदित किया गया है। इसके अतिरिक्त, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में गलाथिया खाड़ी पत्तन को भी एक नए महापत्तन के रूप में अधिसूचित किया गया है। तमिलनाडु राज्य में, तीन महापत्तन अर्थात, चेन्नै पत्तन प्राधिकरण, वी.ओ. चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण (वीओसीपीए) और कामराजर पोर्ट लिमिटेड पहले से ही अस्तित्व में हैं। केन्द्र सरकार ने देश की समुद्री क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए द्वारा 7055 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से 4 मिलियन टीईयू की क्षमता के साथ वीओसीपीए में आउटर हार्बर टर्मिनल को भी स्वीकृति दी है।

*****